an>

Title: Need to ensure timely payment to Sugarcane growers by the insurance companies and sugar mills.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) : महोदय, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मेरा संसदीय क्षेत्र रामपुर कई समस्याओं से जूझ रहा है। पिछड़ापन, गरीबी, बिन मौसम बरसात से नष्ट हो चुकी फसलें, बैंकों का कर्ज, साहूकारों का अधिक ब्याज पर कर्ज और कृषि बीमा कंपनियों द्वारा समय पर न लौटाया गया प्रीमियम और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुआवजे में देरी और वह भी एक हजार रूपए प्रति बीघा दिया जा रहा है। रामपुर में तीन चीनी मिलें हैं, जिन्होंने अभी तक किसानों के गन्ने के पिछले बकाये का पेमेंट नहीं किया है। इसमें राना शुगर मिल, करीमगंज शाहाबाद पर 90 प्रतिशत, किसान सहकारी चीनी मिल पर, रूद्रपुर, बिलासपुर पर 70 प्रतिशत और त्रिवेणी शुगर मिल लिमिटेड, नारायणपुर पर 50 प्रतिशत गन्ने का पेमेंट बकाया है, जो किसानों को अभी तक नहीं दिया गया है। प्रदेश सरकार चीनी मिलों के साथ मिली हुई है और किसानों को पेमेंट कराने में अक्षम दिखाई दे रही है। किसान के सामने ऐसी परिस्थितियाँ पैदा हो गई हैं कि किसान का रूपया जिन पर है, वे दे नहीं रहे हैं और किसान पर जिनका कर्ज है, वह किसान के दरवाजे पर खड़ा रहता है। ऐसी परिस्थितियों में किसान मानसिक तनाव में है। मुझे ज्ञात हुआ है कि अब तक लगभग तीस किसानों की इस फसल के नुकसान से मौत हो चुकी है तथा आठ-दस किसान हार्ट अटैक के कारण अस्पतालों में हैं। प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए अब तक बहुत कम रूपया भेजा है। ...(व्यवधान)